INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

LATEST EDITION

# RAS

## RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION

## मुख्य परीक्षा हेतु

## HANDWRITTEN NOTES

[भाग -8]

लोक प्रशासन + खेल एवं योग + व्यवहार एवं विधि

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# RAS

## RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION

## मुख्य परीक्षा हेतु

**भाग – 8**

## लोक प्रशासन + खेल एवं योग + व्यवहार एवं विधि

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**RAS (Rajasthan Administrative Service) (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु)"** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**Rajasthan State and Subordinate Services Combined Competitive Exams"** भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें **/***

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***


**प्रकाशकः**

***INFUSION NOTES***

*जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)*

*मो : 9887809083*

*ईमेल : contact@infusionnotes.com*

*वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com*



Whatsapp Link- https://wa.link/uwc5lp

Online Order Link- https://bit.ly/3X6MGue


**मूल्य : ₹**


**संस्करण : नवीनतम (2023)**

| | लोक प्रशासन एवं प्रबंधन की अवधारणाएँ | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | अध्याय | पेज नं. |
| 1. | प्रशासन एवं प्रबंध<br>• अर्थ , प्रकृति एवं महत्व<br>• विकसित एवं विकासशील समाजों में लोक प्रशासन की भूमिका<br>• एक विषय के रूप में लोक प्रशासन का विकास<br>• नवीन लोक प्रशासन<br>• लोक प्रशासन के अध्ययन के प्रति अभिगम | 1-6 |
| 2. | शक्ति, प्राधिकार, वैधता, उत्तरदायित्व एवं प्रत्यायोजन की अवधारणाएँ | 7-12 |
| 3. | संगठन के सिद्धांत<br>• पदसोपान<br>• नियंत्रण का क्षेत्र<br>• आदेश की एकता | 13-21 |
| 4. | प्रबंधन के कार्य<br>• निगमित अभिशासन<br>• सामाजिक उत्तरदायित्व<br>• नव लोक प्रबंध के नवीन आयाम,<br>• परिवर्तन प्रबंधन | 21-25 |
| 5 | लोक सेवा के मूल्य एवं अभिवृति<br>• नैतिकता, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, गैर-पक्षधरता<br>• लोक सेवा के लिए समर्पण | 25-25 |

| | | |
|---|---|---|
| | • सामान्यज्ञ एवं विशेषज्ञ के मध्य संबंध | |
| 6. | प्रशासन पर नियंत्रण<br>• विधायी, कार्यपालिका एवं न्यायिक<br>• विभिन्न साधन एवं सीमाएँ | 26-32 |
| 7. | राजस्थान में प्रशासनिक ढाँचा एवं प्रशासनिक संस्कृति<br>• राज्यपाल<br>• मुख्यमंत्री<br>• मंत्रिपरिषद<br>• राज्य सचिवालय<br>• निदेशालय एवं मुख्य सचिव | 32-50 |
| 8. | जिला प्रशासन<br>• संगठन, जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट<br>• पुलिस अधीक्षक की भूमिका<br>• उपखण्ड एवं तहसील प्रशासन | 51-56 |
| 9. | विकास प्रशासन<br>• अर्थ, क्षेत्र एवं विशेषताएँ | 56-60 |
| 10. | राज्य मानवाधिकार आयोग,<br>• राज्य निर्वाचन आयोग<br>• लोकायुक्त<br>• राजस्थान लोक सेवा आयोग<br>• राजस्थान लोक सेवा गारन्टी अधिनियम, 2011 | 61-67 |

| | | |
|---|---|---|
| | • राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012 | |
| | • मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| | **खेल एवं योग** | |
| 1. | भारत एवं राजस्थान राज्य की खेल नीति | 68-79 |
| 2. | भारतीय खेल प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद | 79-84 |
| 3. | राष्ट्रीय एवं राजस्थान राज्य के खेल पुरस्कार | 85-94 |
| 4. | योग- सकारात्मक जीवन पद्धति | 94-112 |
| 5. | भारत के विख्यात खेल व्यक्तित्व<br>• भारत के प्रमुख खिलाड़ी | 113-120 |
| 6. | प्राथमिक उपचार एवं पुनर्वास | 121-125 |
| 7. | भारतीय खिलाड़ियों ओलम्पिक, एशियन खेल, कॉमनवेल्थ एवं पैरा-ओलम्पिक खेल में भागीदारी | 126-157 |
| | • मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| | **व्यवहार** | |
| 1. | बुद्धि<br>• संज्ञानात्मक बुद्धि<br>• सामाजिक और संवेगात्मक बुद्धि<br>• सांस्कृतिक बुद्धि<br>• आध्यात्मिक बुद्धि | 158-164 |
| 2. | व्यक्तित्व<br>• शीलगुण व प्रकार, | 165-172 |

| | | |
|---|---|---|
| | • व्यक्तित्व के निर्धारक<br>• व्यक्तित्व आंकलन | |
| 3. | अधिगम और अभिप्रेरणा<br>• अधिगम की शैलियां<br>• स्मृति के प्रारूप<br>• विस्मृति के कारण<br>• अभिप्रेरणा का आंकलन | 172-180 |
| 4. | प्रतिबल एवं प्रबंधन<br>• प्रतिबल की प्रकृति<br>• प्रकार<br>• स्त्रोत<br>• लक्षण एवं प्रभाव<br>• प्रतिबल प्रबंधन<br>• मानसिक स्वास्थ्य का प्रोत्साहन | 181-187 |
| | मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| | | |
| | **विधि** | |
| 1. | विधि की अवधारणा<br>• स्वामित्व एवं कब्जा<br>• व्यक्तित्व<br>• दायित्व<br>• अधिकार एवं कर्तव्य | 188-193 |
| 2. | वर्तमान विधिक मुद्दे | 193-193 |

| | | |
|---|---|---|
| | • सूचना का अधिकार<br>• सूचना प्रौद्योगिकी विधि साइबर अपराध सहित<br>○ अवधारणा, उद्देश्य, प्रत्याशाएँ<br>• बौद्धिक सम्पदा अधिकार<br>○ अवधारणा, प्रकार एवं उद्देश्य | |
| 3. | स्त्रियों एवं बालकों के विरुद्ध अपराध<br>• घरेलू हिंसा<br>• कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन<br>• लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012<br>• बाल श्रमिकों से संबंधित विधि | 194-204 |
| 4. | माता-पिता और वरिष्ट नागरिकों का भरण- पोषण<br>• कल्याण अधिनियम, 2007 | 204-210 |
| 5. | राजस्थान में महत्वपूर्ण भूमि विधियां<br>(क) राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956<br>(ख) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 | 211-237 |
| | मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |

# लोक प्रशासन

## अध्याय – I

## प्रशासन एवं प्रबंध

### लोक प्रशासन के अध्ययन प्रति अभिगम

लोक प्रशासन तथा निजी प्रशासन दोनों का ही मुख्य उद्देश्य लोक कल्याण व विकास करना है इस के लिए डोनम ने कहा था कि, "यदि हमारी सभ्यता असफल होती है तो इसका कारण प्रशासन कि असफलता होगी। "

**प्रमुख परिभाषाएँ :-**

- **फिफ़नर :-** इसके अनुसार वांछित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मानवीय तथा भौतिक संसाधनों का संगठन तथा निर्देशन ही प्रशासन है ।
- **लूथर गुलिक :-** इनके अनुसार कार्य पुरा करने के लिए निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति करना प्रशासन कहलाता है ।
  लूथर गुलिक ने लोक प्रशासन को कार्यपालिका से जोड़ा है ।
- **एल डी व्हाइड :-** इनके अनुसार "किसी उद्देश्य प्राप्ति हेतु बहुत ही कम मनुष्य का निर्देशन समन्वय तथा नियंत्रण हो उसे प्रशासन कहा जाता है ।
- **विलोबी :-** कार्यपालिका, व्यवस्थापिका व न्यायपालिका के तीनों अंग सरकारी प्रशासन के रूप में कार्य करते हैं । जो लोकप्रशासन कहलाता है । लेकिन इसके संकीर्ण अर्थ में कार्यपालिका को शामिल करते हैं तथा व्यापक अर्थ में तीनों अंग शामिल होते हैं ।
- **वुडरो विल्सन :-** लोकप्रशासन के जनक वुडरो विल्सन के अनुसार कानून को विस्तृत व क्रमबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करना ही लोक प्रशासन है ।

**लोकप्रशासन की प्रकृति :-**

लोकप्रशासन के विभिन्न विचारकों के अनुसार इसकी प्रकृति अलग-अलग बताई गयी है जिसे समग्र तथा प्रबंधकीय दृष्टिकोण कहते हैं ।




# प्रबंधकीय विचारधारा :- लोकप्रशासन की यह एक संकीर्ण विचारधारा है जिसके अनुसार लोकप्रशासन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु केवल उच्च स्तरीय प्रबंधकों को शामिल किया जाता है जिनके निर्णय पूरे प्रशासन को प्रभावित करते हैं।

→गुलिक व साइमन प्रबंधकीय विचारधारा के समर्थक हैं ।

# समग्र विचारधारा :- इसके अंतर्गत लोकप्रशासन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी गतिविधियों को शामिल किया जाता है। जैसे :- उच्चस्तरीय प्रबंधक से लेकर निम्नस्तरीय लिपिक तथा सफाई कर्मचारी भी लोकप्रशासन में शामिल होते हैं । क्योंकि संगठन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सब की अपनी भूमिका होती है ।

→एल. डी. व्हाइड तथा डिमोक समग्र विचारधारा के समर्थक हैं ।

# प्रशासन संगठन व प्रबन्धन :-




→ लोकप्रशासन में प्रशासन संगठन व प्रबन्धन की अलग-अलग भूमिका होती है ।

व्यापक रूप से प्रशासन में सभी गतिविधियों को शामिल किया जाता है । जिसका उद्देश्य है संगठन व प्रबंधक के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करना ।

संगठन में मानन तथा भौतिक संसाधनों का समन्वय होता है। जो लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग करते हैं

प्रबन्धन में मार्ग दर्शन होता है तथा लोकप्रशासन के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं।

# **लोकप्रशासन सामाजिक विज्ञानः-**

लोकप्रशासन में लोक का अर्थ सरकार है क्योंकि जन ईच्छा के अनुसार सरकार का निर्माण होता है अतः लोकप्रशासन के सभी निर्णय तथा गतिविधियाँ जनता के ईर्द-गिर्द ही घुमती है। तथा जनता समाज का हिस्सा है। अतः लोकप्रशासन को सामाजिक विज्ञान कहते हैं।

लोकप्रशासन के समस्त कर्मचारी व अधिकारी समाज का हिस्सा है। लोक प्रशासन के अध्ययन में भी जनता को मुख्य आधार बनाया जाता है। इसलिए लोकप्रशासन में समाज का प्रत्येक व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा होता है। जो लोकप्रशासन को प्रभावित करता है तथा लोकप्रशासन इससे प्रभावित होती है।

विज्ञान का अर्थ क्रमबद्धता व तार्किकता का होना। लोकप्रशासन भी सामाजिक विज्ञान है क्योंकि इसके निर्णयों में भी क्रमबद्धता व तार्किकता होती है। लेकिन यह क्रमबद्धता भौतिक या रसायन विज्ञान से भिन्न है।

अमेरिका में 1882 में लूट प्रणाली के चलते एक युवक ने वहाँ के राष्ट्रपति गारफील्ड की हत्या कर दी।

लोकप्रशासन प्राचीन काल से राजनीति का अभिन्न अंग रहा है लेकिन इसे एक विषय के रूप में पहचान मिलने में सदियाँ बीत गई।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र , प्लेटो के Republic, अरस्तु के Politics तथा मैकियावली के द प्रिंस नामक ग्रंथों में लोकप्रशासन का उल्लेख मिलता है। लेकिन यह राजनीति के साथ मिला हुआ था।

18वीं शताब्दी को ऑस्ट्रिया तथा जर्मनी में जॉर्ज जिंक द्वारा कैमरलवाद आन्दोलन चलाया गया। जिसका अर्थ है सरकारी कार्यों का व्यवस्थित रूप से प्रबन्धन करना व उनमें सुधार करना। यह लोकप्रशासन के लिए सुधार आन्दोलन कहलाता है। लेकिन इसमें भी लोकप्रशासन अलग विषय नहीं बन सका।

**लोकप्रशासन विज्ञान के रूप में :-**

लोक प्रशासन को विज्ञान मानने के आधार निम्नलिखित हैं -

(1) लोक प्रशासन में विज्ञान की भांति शोध व अनुसंधान कार्य किया जाता है।

(2) लोक प्रशासन में भी विज्ञान की भांति वैज्ञानिक विधियों व पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है।

(3) विज्ञान की भांति लोक प्रशासन में भी सार्वभौमिक सिद्धांत हैं। जैसे - पदसोपान, कार्यविभाजन, समन्वय आदि।

(4) लोक प्रशासन में भी विज्ञान की भांति अन्तर्विषयी अध्ययन किया जाता है।

(5) लोक प्रशासन में भी विज्ञान की भांति सर्वमान्य ग्रंथ हैं। जैसे - कौटिल्य का अर्थशास्त्र, प्लेटो का रिपब्लिक आदि।

(6) लोक प्रशासक - डॉक्टर व इंजीनियरों की भांति राजनीतिज्ञों के काउंसलर के रूप में होते हैं।

**Note :-** लोक प्रशासन को विज्ञान के रूप में मानने के समर्थक - बिलोवी, विल्सन, मर्सन

विज्ञान के रूप में नहीं मानने के समर्थक - कोहन, मॉरिस, राबर्ट डहल।

**लोक प्रशासन कला के रूप में :-**

समर्थन - महादेव प्रसाद शर्मा, ग्लेडन, **टीड** आदि।.

लोक प्रशासन को कला के रूप में मानने के निम्नलिखित आधार हैं -

1. एक कलाकार में जिस प्रकार सृजनात्मक क्षमता की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार एक प्रशासक में भी सृजनात्मक क्षमता होती है।
2. जिस प्रकार किसी कलाकार द्वारा कला का प्रदर्शन उसके व्यक्तित्व पर निर्भर करता है, उसी प्रकार एक प्रशासक द्वारा प्रशासन का संचालन उसके व्यक्तित्व पर निर्भर करता है।
3. जिस प्रकार कला देशकाल के अनुसार परिवर्तित होती है ठीक उसी प्रकार प्रशासन का स्वरूप भी देश - काल के अनुसार परिवर्तित होता है।
4. कलाकार व प्रशासक दोनों को समय - समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।
5. जिस प्रकार एक कलाकार अभिव्यक्ति के माध्यम रंग, ब्रश, केनवास हैं। उसी प्रकार प्रशासक अपनी

अभिव्यक्ति का प्रदर्शन संगठन व संगठन की नीतियों के माध्यम से करता है।
निष्कर्ष :- लोक प्रशासन न तो विशुद्ध रूप से विज्ञान है न ही विशुद्ध रूप से कला है बल्कि यह तो सामाजिक विज्ञान का निरंतर विकसित होता एक विषय है।

# **लोकप्रशासन में सुधार का दौर** :- 19 वीं शताब्दी में अमेरिकी प्रशासन व नौकरशाही विश्व की सबसे भ्रष्ट नौकरशाही कहलाती है। इसे लूट प्रणाली का प्रशासन भी कहते हैं।
1882 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति गारफील्ड की अमेरिका के एक बेरोजगार युवक द्वारा हत्या करने के बाद अमेरिकी प्रशासन में सुधार शुरू हुआ।
1887 को अमेरिका के प्रोफ़ेसर वुडरो विलसन ने एक समाचार पत्र में The study of Administration (प्रशासन का अध्ययन) नामक निबंध लिखा। जिसमें प्रशासन को राजनीति से अलग करने के लिए महत्वपूर्ण तर्क लिखे गए।
इस निबंध के प्रभाव से लोकप्रशासन को एक विषय के रूप में अलग पहचान मिली। इसलिए वुडरो विल्सन लोकप्रशासन के जनक कहलाते हैं।

**लोक प्रशासन उद्भव के चरण :-**

- **प्रथम चरण (1887-1926)** :- राजनीति प्रशासन का विभाजन (द्विविभाजन)
- **दूसरा चरण (1927-1938)** :- सिद्धांतों का निर्माण
- **तीसरा चरण (1938-1947)** :- चुनौती का युग
- **चौथा चरण (1947-1970)** :- पहचान का संकट
- **पाँचवां चरण (1970-1990)** :- लोकनीति परिप्रेक्ष्य
- **छठा चरण (1990...)** :- नव लोक प्रबंधन

**प्रथम चरण (1887-1926)** :- राजनीति प्रशासन का विभाजन - इस चरण की शुरुआत वुडरो विल्सन प्रशासन के अध्ययन से होती है।
यह निबंध क्वार्टरली नामक समाचार पत्र 1887 में लिखा गया था। इसके प्रभाव से लोकप्रशासन की एक स्वतंत्र विषय के रूप में नीव रखी गई।
वुडरो विलसन ने इस निबंध में कहा की लोकप्रशासन को एक विज्ञान माना जाए। इससे सरकार व नौकरशाही के कार्य अधिक व्यापारिक होंगे, इससे प्रशासनिक संगठन मजबूत होंगे और सरकारी कार्य बेहतर होंगे।
वुडरो विलसन ने लोकप्रशासन को राजनीति से अलग करने के मजबूत तर्क प्रस्तुत किए।
सन् 1900 में अमेरिकी प्रोफ़ेसर फ्रैंक गुडनाऊ ने अपनी पुस्तक Politics and Administration (राजनीति व प्रशासन) में प्रशासन व राजनीति को अलग-अलग करने के प्रमुख कारण बताये।
इसने कहा राजनीति का कार्य इच्छा व्यक्त करना नीति निर्माण जबकि प्रशासन इसे क्रियान्वित करता है।
अतः फ्रैंक गुडनाऊ को अमेरिकी लोकप्रशासन का पिता कहते हैं।
# एल. डी. व्हाइड - अमेरिका के प्रोफ़ेसर थे जिन्होंने 1926 को लोकप्रशासन पर प्रथम पुस्तक लिखी।
पुस्तक - Introduction to the study of Public Administrastion (लोकप्रशासन के अध्ययन का परिचय)।

**दूसरा चरण (1927-1938)** :- सिद्धांतों का निर्माण :- इस दौरान लोक प्रशासन के एक विषय के रूप में सिद्धांत बने।
1927 को अमेरिका के w. f. विलोवी की पुस्तक principal of public administration (लोक प्रशासन के सिद्धांत) के पश्चात इस चरण की शुरुआत हुई।
हेनरी फेयोल ने कहा की लोकप्रशासन एक निश्चित रूप से विज्ञान है जिसका प्रयोग देश व समाज में हर स्थान पर किया जा सकता है जैसे :- घर, विद्यालय, दफ्तर इत्यादि।
इस चरण में लोक प्रशासन के विभिन्न सिद्धांत प्रतिपादित किए।
लोकप्रशासन विकास के इस दूसरे चरण को सिद्धांतों का स्वर्ण युग कहते हैं।
**तीसरा चरण (1938-1947)**:- चुनौती का युग
→ 1938 में चेस्टर बर्नार्ड द्वारा अपनी पुस्तक The functions of Executive (कार्यपालिका के कार्य) में लोकप्रशासन के सिद्धांतों को चुनौती दी। इसलिए 1938 के बाद चुनौती का युद्ध शुरू हुआ।
→ एल्टन मेयो ने हाथोर्न प्रयोग द्वारा लोकप्रशासन में मानव व्यवहार का अध्ययन किया। जिसमें

जिम्मेदारी का भी निर्धारण होना चाहिए। पदसोपान में सत्ता के प्रत्यायोजन के लिए प्रभावशाली संचार होना चाहिए।

निष्कर्षतः - संगठन की कार्यकुशलता में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रत्यायोजन का होना आवश्यक है। अधीनस्थ को प्रशिक्षित करते हुए एवं प्रोत्साहित करते हुए अधिकार व उत्तरदायित्व का निर्धारण कर प्रत्यायोजन किया जाना चाहिए। प्रत्यायोजन से अधीनस्थ की नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। पहल क्षमता बढ़ेगी एवं समस्याओं का प्रासंगिकता के अनुरूप निराकरण होगा।

# अध्याय – 5

## प्रबंधन के कार्य

**कॉर्पोरेट गवर्नेंस (निगमित अभिशासन ) :-**
कॉर्पोरेट गवर्नेंस कॉर्पोरेट क्षेत्र में पारदर्शिता, उत्तरदायित्त्व , जवाबदेहिता, निष्पक्षता का समर्थक है। वस्तुतः कॉर्पोरेट गवर्नेंस उन सिद्धांतों, मूल्यों व आदर्शों का योग है। जो कॉर्पोरेट क्षेत्र को नैतिक व पारदर्शी होने के लिए प्रेरित करते हैं। ताकि लाभार्जन की प्रक्रिया में शेयरधारकों व पणधारकों के हितों की उपेक्षा न हो।
कॉर्पोरेट गवर्नेंस की अवधारणा सर्वप्रथम ऑगस्टस बर्ले व सी मीन्स द्वारा 1932 में द मॉर्डन कॉरपोरेशन एण्ड प्राइवेट प्रॉपर्टी नामक पुस्तक में प्रस्तुत की गई।
इस अवधारणा को लोकप्रिय बनाने का कार्य केडबरी समिति (1992 ) द्वारा किया गया।
भारत में पहली बार कॉर्पोरेट गवर्नेंस की आवश्यकता पर ओंकार गोस्वामी समिति (1995) ने बल दिया।
विश्व की प्रमुख कॉर्पोरेट गवर्नेंस से संबंधित समितियाँ -

1. रिब्बन समिति - अमेरिका
2. विएनॉट समिति - फ्रांस
3. कैंडबरी समिति - इंग्लैंड
4. किंग्स समिति - दक्षिण अफ्रीका

**भारत में कॉर्पोरेट गवर्नेंस को विकसित करने के लिए किए गए प्रयास बनाई गई समितियाँ :-**

1. ओंकार गोस्वामी समिति - 1995
2. कुमार मंगलम बिड़ला समिति - 1999
3. नरेश चंद्रा समिति - 2002
4. नारायण मूर्ति समिति - 2003
5. उदय कोटक समिति - 2017 - 18

**कॉर्पोरेट गवर्नेंस की विशेषताएँ -**

1. कॉर्पोरेट गवर्नेंस, कॉर्पोरेट क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेहिता, उत्तरदायित्त्व व निष्पक्षता का समर्थक है।
2. यह सिद्धांतों, मूल्यों का आदर्श द्वारा कॉर्पोरेट क्षेत्र में नैतिकता के प्रोत्साहन का समर्थक है।

3. कॉर्पोरेट गवर्नेंस शेयरधारकों व अन्य स्टेगधारकों के अधिकारों की रक्षा करता है।
4. यह कॉर्पोरेट क्षेत्र में आचार संहिता आचरण नियमावली लागू करने का समर्थक है।
5. यह कॉर्पोरेट क्षेत्र की सामाजिक व पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों को तय करता है।
6. यह अवधारणा कॉर्पोरेट क्षेत्र के साथ - साथ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए भी अत्यधिक प्रासंगिक है।

- **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की आवश्यकता**

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की आवश्यकता है क्योंकि कॉर्पोरेट जगत समाज में रहकर ही लाभार्जन करता है यह नैतिकता का प्रश्न है कि जिस समाज से कॉर्पोरेट जगत लाभ अर्जित करता है उसके हित का भी ध्यान रखें दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग ने भी कारपोरेट जगत को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के निगमित शासन के सिद्धांतों को लागू करने की सिफारिश की ।निगमित शासन सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के लिए लागू होता है। कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिए निम्नांकित सिद्धांतों का पालन करना होगा—

**1. शेयर धारकों के अधिकार का सिद्धांत–** शेयर धारको को सूचना और लाभ में हिस्से का अधिकार होना चाहिए तथा कंपनी के निर्णयो में शामिल होना चाहिए।

**2. शेयर धारकों के साथ समान व्यवहार का सिद्धांत–** सभी वर्गों के शेयर धारकों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए ।

**3. प्रकटीकरण और पारदर्शिता का सिद्धांत–** उपक्रम संबंधित सभी सूचनाएं जो शेयर धारकों के हिस्से से संबंधित होती है, का प्रकटीकरण किया जाना चाहिए ।

**4. निदेशक मंडलों के उत्तरदायित्व का सिद्धांत–** निदेशक मंडल सशक्त और महत्वपूर्ण इकाई है जो नीतिगत निर्णय से उपक्रम की कार्यप्रणाली .छवि ,निष्पादन और कार्यकुशलता को प्रभावित करता है अतः निदेशक मंडल की उपक्रम और शेयरधारकों के प्रति जवाबदेहिता होनी चाहिए ।

**निगमित शासन**

21वीशताब्दी में जब वैश्विक व्यवस्था एकीकृत हो रही है जब प्रत्येक देश की अर्थव्यवस्था का प्रभाव संपूर्ण विश्व पर पड़ता है प्रभावितों में कामगार ,संचालक ,सरकार आदि के हित जुड़े होते हैं तो प्रशासन में पारदर्शिता जवाबदेहिता और सामाजिक उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाना आवश्यक है इस संदर्भ में पूंजीवादी धारणा के विपरीत बड़े व्यवसाय के अंतर्गत सर्वहित सुरक्षा हेतु कॉर्पोरेट गवर्नेंस को लागू किया जाना अपेक्षित है ।

**विकास यात्रा-** यह विचार सन 1929 में न्यूयॉर्क शेयर बाजार धराशायी होने के दौरान आया कॉर्पोरेट घरानों में उतार-चढ़ाव आया बहुतायत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों बाजारों में आई सन 1939 से 42 के द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान बाजार में विचलन बढा विकसित राष्ट्र की नामी कंपनियां चपेट में आई । उनके प्रबंध के स्तर में फेरबदल किया गया परिणाम अर्थव्यवस्था को जनहित के सापेक्ष स्थापित करने के लिए निगमित प्रशासन की आवश्यकता को महसूस किया गया इसी संदर्भ में UK में लंदन स्टॉक एक्सचेंज की विभिन्न रिपोर्टिंग काउंसिल ने कैडबरी की अध्यक्षता में निगमित प्रशासन का वित्तीय परिप्रेक्ष्य विषय पर समिति का गठन किया गया ऐसे ही प्रयास पूर्वी एशियाई देशों यूरोपीय देशों में हुए वर्ष 1998- 99 में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ने भी निगमित प्रशासन विषय पर सिद्धांतों को प्रस्तुत किया जिन्हें 2004 में पुनः संशोधित किया गया ।

इसके उपरांत निगमित प्रशासन के प्रयास 1997 में भारतीय उद्योग संघ और विनिवेश आयोग 1998-99 में सेबी तथा निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रयास के बाद वर्ष 2000 के दशक में विभिन्न व्यवसायिक घोटालों के परिपेक्ष्य में भारतीय पूर्व विदेश सचिव नरेश चंद्र की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट ऑडिट एंड गवर्नर समिति का गठन किया गया जिसकी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की गई

इन प्रयासों से वर्ष 1998 में यूएस में रिबन की अध्यक्षता में निर्मित प्रशासन के अंकेक्षण की प्रभावशीलता को बढ़ाने संबंधी समिति का गठन किया और निगमित प्रशासन के संबंध में प्रथम कानून बनाने की वकालत की गई जिसका परिणाम वर्ष 2002 में निगमित प्रशासन के प्रति विश्वास

8 **संप्रेषण-** विचारों और संदेशों का दो या दो से अधिक व्यक्तियों के मध्य विनिमय और विचारों की समझ ही संप्रेषण है संप्रेषण कार्य द्वारा प्रबंधक अधीनस्थों को कार्य निष्पादन के संबंध में आदेश निर्देश देता है। संप्रेषण को पृथक कार्य रूप में स्वीकार नहीं किया जाता बल्कि इसे निर्देशन का ही एक अभिन्न अंग माना जाता है।

9. **अभिप्रेरण-** अभिप्रेरण व्यक्ति में निहित आंतरिक और मनोवैज्ञानिक वें इच्छाएं और भावनाएं हैं जो उसे कार्य करने के लिए प्रेरित करती है प्रबंधक कार्मिकों को वित्तीय (मौद्रिक) और गैर वित्तीय (अमौद्रिक) साधनों से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है अभिप्रेरण को निर्देशन कार्य में अंतर्निहित भाग के रूप में स्वीकार किया जाता है।

10. **पर्यवेक्षण-** प्रबंधक पर्यवेक्षण कार्य के अंतर्गत कार्मिकों के कार्यों का निरीक्षण करता है साथ ही उन्हें कार्य के संबंध में मार्गदर्शन परामर्श और सलाह देता है,इसे निर्देशन की विधि के रूप में स्वीकार किया जाता है

11. **प्रतिवेदन-** प्रबंधन का इस कार्य के अंतर्गत अधीनस्थों के कार्यों का निरीक्षण कर के कार्य निष्पादन की वास्तविक स्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत कराता है इसे नियंत्रण का ही एक भाग माना जाता है।

12. **समन्वय-** समन्वय प्रबंध का सार है विभिन्न सांगठनिक इकाइयों और कार्मिकों के मध्य अतिराव, दुहराव और संघर्ष को रोकने तथा सहयोग और सामंजस्य स्थापित करना प्रबंध का महत्वपूर्ण कार्य है।

- **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (Corporate Social Resposibility - CSR )**

CSR से तात्पर्य उन व्यवहार व गतिविधियों से है जो कॉर्पोरेट द्वारा लाभार्जन के प्रतिफल के रूप में जनकल्याण व विकास के लिए संचलित की जाती है।

जैसे - 1. हिंदुस्तान जिंक का सखी इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है )

प्रोजेक्ट

(2. नन्हीं कली प्रोजेक्ट (महिंद्रा फाउण्डेशन द्वारा) बालिका शिक्षा हेतु

- कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 135 के अनुसार ऐसी कम्पनियाँ जिनका टर्नओवर 1000 करोड़ हो या कम्पनी का नेटवर्थ 500 करोड़ हो या कंपनी का शुद्ध लाभ 5 करोड़ हो तो ऐसी कम्पनियाँ अपने पिछले 3 वर्ष के औसत लाभ का 2% हिस्सा जनकल्याणकारी कार्यों पर व्यय करेगी।
CSR देय कंपनियाँ, कम्पनी के अंतर्गत CSR समिति का गठन करेंगी।
यह समिति प्रबंधन को CSR संबंधी सलाह देती हैं।

- **CSR के लाभ**

1. इससे कंपनी की प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है।
2. CSR के माध्यम से कंपनियाँ जनकल्याणकारी कार्य करते हैं जिससे सरकार का कार्यभार कम होता है।
3. CSR सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन में सहायक है।
4. इससे कंपनी के लाभ में वृद्धि होती है।
5. कंपनी के कर्मचारियों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित होते हैं।
6. कंपनी की विश्वसनीयता में वृद्धि होती है।

- **CSR एक्ट की कमियाँ -**

1. जागरूकता का अभाव।
2. CSR व्यय सीमित क्षेत्र में किया जा रहा है। कुल CSR व्यय का 44 % केवल शिक्षा व स्वास्थ्य पर किया जा रहा है।
3. CSR गतिविधियों से भारत के उत्तर - पूर्वी राज्य **अछूते** हैं।
4. ग्रामीण क्षेत्रों में गैर सरकारी संगठनों (NGO 's ) की अनुपलब्धता।
5. CSR देय कंपनियों व सरकारी लोकल एजेंसियों के मध्य समन्वय का अभाव।

- **CSR एक्ट को प्रभावी बनाने के उपाय -**

1. CSR से संबंधित जागरूकता बढ़ाने हेतु CSR एक्ट को कॉलेजों व स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।
2. CSR एक्ट में संशोधन कर दंड के कठोर प्रावधान लागू किए जाएं।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में NGO की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# अध्याय – 8

## जिला प्रशासन

**कलक्टर पद का विकास :-** 1772 ई. में वॉरेन हेस्टिंग्स द्वारा रॉल्फ **शेल्डन** को भारत का प्रथम कलेक्टर नियुक्त किया गया।

इस समय कलक्टर का मुख्य कार्य राजस्व संग्रहण था। 1787 ई. में कलक्टर को न्यायिक शक्तियाँ भी प्रदान की गईं। अतः कलक्टर को उस समय लिटिल नेपोलियन भी कहा जाता था।

1793 में कलक्टर की न्यायिक शक्तियाँ न्यायपालिका को स्थानांतरित कर दी गईं। स्वतंत्रता के बाद भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 50 में कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य शक्तियों के पृथक्करण का प्रावधान किया। पंचायती राज संस्थाओं को 1993 ई. में संवैधानिक आधार प्रदान करने के पश्चात् कलक्टर की भूमिका में बड़ा बदलाव हुआ।

(अनुच्छेद 243 – 'o' )

कमिश्नरेट व्यवस्था आने के पश्चात् कलक्टर की कानून व शान्ति बनाये रखने की भूमिका बदल गई है।

**जिला कलेक्टर :** जिला अधिकारियों में सर्वाधिक शक्तिशाली पद जिलाधीश या कलेक्टर का है। उसे जिले का शीर्षस्थ अधिकारी माना जाता है। उसे जिले में विकास का प्रतीक माना जाता है। वह जिले में बहुमुखी गतिविधियों का संचालन करता है।

**सहायक कलेक्टर :** राजस्व प्रशासन में सहायक कलेक्टर का पद पूर्ण रूप से न्यायिक कार्यों के निष्पादन हेतु बनाया गया है। इसका मुख्य कार्य राजस्व प्रकरणों को सुनना, निर्णित करने के लिए शुद्ध रूप से अदालती कार्य करना है। सहायक कलेक्टर वरिष्ठ अदालत के रूप में कार्य करता है।

**उपखण्ड अधिकारी :** जिला अनेक उपजिलो में बंटा होता है। उप जिले के मुखिया को एस. डी. ओ. अथवा उपजिलाधीश कहते है। यह एस. डी ओ. जिला और तहशील प्रशासन के मध्य महत्वपूर्ण कड़ी होता है। इसका प्रमुख कार्य तहसीलों का निरीक्षण करना होता है। प्रत्येक उप जिलाधीश के पास प्राय : एक या दो तहसील अधीन होती है और उपखण्ड अधिकारी इनके सफल प्रशासन के लिए वह जिलाधीश के प्रति उत्तरदायी होता है। तहसीलदार के निर्णय के विरुद्ध उपजिलाधीश के यहाँ अपील की जा सकती है।

**तहसील प्रशासन :** भू- राजस्व प्रशासन की आधारभूत इकाई तहसील प्रशासन है जो गाँव व जिले की एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई है। तहसील प्रशासन भू – राजस्व , न्याय व विकास कार्यों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। राज्य के भोगोलिक विभाजन के आधार पर बनी अंतिम प्रशासनिक इकाई तहसील है। तहसील विशुद्ध रूप से राजस्व प्रशासन के लिए बनाई गई है। मुग़ल काल से ही राजस्व प्रशासन में तहसील का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। तहसील को कुछ अन्य राज्यों में दुसरे नामों से जाना जाता है, जेसे – तमिलनाडु में इसे 'तालुक' एवम् महाराष्ट्र में 'तालुका' कहा जाता है।

पटवारी प्रशासन का अंतिम प्रशासनिक कर्मचारी होता है। भारत में मुगलकाल से ही पटवारी का पद राजस्व प्रशासन का महत्वपूर्ण भाग रहा है। पटवारी किसानों से सम्बन्धित व्यक्ति था जो किसानों के व्यक्तिगत लगान लेना व लेनदेन का हिसाब रखना उसका प्रमुख कर्तव्य था।

राज्य एवम् केन्द्रीय सरकार से मिलने वाले नीति – निर्देशों को जिला प्रशासन क्रियान्वित करता है किन्तु दूसरी ओर राजनितिक दृष्टी से अपना आधार एवम् प्रभाव जिला स्तर से ही ग्रहण करते है। पंचायती राज ने इस स्तर को और सशक्त किया है और जन प्रतिनिधियों की राजनीति के कारण जिला प्रशासन की नौकरशाही का लोकतंत्रीकरण हुआ है। जिला ही वह स्तर है जहा साधारण व्यक्ति प्रशासन के प्रायः सीधे सम्पर्क में आता है। शांति और कानून व्यवस्था की स्थापना तथा विकास योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य में जिले को ही आधारभूत प्रशासनिक इकाई माना गया है।

**कुंजी शब्द :** राजस्व प्रशासन , भू – राजस्व, जिलाधीश, सहायक कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार आक्सफोर्ड कन्साइज ने जिले को विशेष प्रशासनिक उद्देश्य के लिए निर्धारित दिशा के रूप में परिभाषित किया है। इसका अंग्रेजी पयार्यवाची शब्द डिस्ट्रिक्ट सर्वप्रथम 1776 में कलकत्ता जिले के दीवान के सन्दर्भ में प्रस्तुत किया गया था। पूले तथा बत्रेल के शब्दों में जिला उन प्रशासनिक डिस्ट्रिक्टस का

तकनीकी नाम था जिनमें ब्रिटिश भारत विभाजित था। शब्द व्युप्ति के अनुसार यह एक फ्रांसीसी शब्द डिस्ट्रिक्ट से लिया गया है जो स्वंय मध्यकालीन लैटिन शब्द डिस्ट्रिक्टस से निकला है। इसका अर्थ न्यायिक प्रशासन के उद्देश्य से बनाया गया प्रदेश है। सन 1895 में सर जार्ज जेस्त्री ने लिखा था, ' फ्रांस में डिपार्टमेंट की भांति जिला एक प्रशासनिक इकाई होती है। डा. के. एन.वी. शास्त्री के अनुसार ' अंग्रेजो ने यह शब्द फ्रांसीसी प्रीफेक्ट व्यवस्था से ग्रहण किया तथा इसे ब्रिटिश भारतीय क्षेत्रीय प्रशासन पर लागू किया।'

भारत में जिला प्रशासन 'एक ऐतिहासिक निरन्तरता' है। यहाँ जिला सदा से ही प्रशासन की आधारभूत इकाई रहा है जिला प्रशासन का उल्लेख मनुस्मृति जैसे प्राचीन ग्रन्थ से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र , मौर्य साम्राज्य, मध्यकाल, मुगलकाल और ब्रिटिश इंडिया की प्रशासनिक व्यवस्था में स्पष्ट रूप से मिलता है। मौर्यकाल में इसे ' राजूका' मुगलकाल में 'सरकार' तथा ब्रिटिश इंडिया में पहले सरकार तथा बाद में जिला / डिस्ट्रिक्ट कहना प्रारम्भ किया।

**जिला प्रशासन की संरचना (राजस्व):**

भारत में जिला प्रशासन की सम्पूर्ण संरचना एक पदसोपान युक्त व्यवस्था के रूप में देखा जा सकता है। राजस्थान के राजस्व प्रशासन में जिला प्रशासन की संरचना निम्न प्रकार है –

1. जिला मुख्यालय - प्रमुख नगर में तथा कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण जिला
   प्रशासक - जिलाधीश
2. उपखण्ड मुख्यालय - कार्यक्षेत्र उपखण्ड ।
- 2 तहसील
   प्रशासक – उपखण्ड अधिकारी
3 तहसील मुख्यालय - कार्यक्षेत्र तहसील
   प्रशासक – तहसीलदार / उप तहसीलदार
4 . पटवार क्षेत्र - कार्यक्षेत्र पटवार वृत , । – 2 ग्राम पंचायत
   मुख्य कर्मचारी - पटवारी

इस प्रकार राजस्थान में जिला प्रशासन में जिला प्रशासन ग्राम स्तर पर पटवारी से आरम्भ होकर तहसील, उपखण्ड तथा जिला मुख्यालय स्तर पर विधमान है।

**जिला कलेक्टर :**

जिला अधिकारियों में सर्वाधिक शक्तिशाली पद जिलाधीश या कलेक्टर का है। उसे जिले का शीषस्थ अधिकारी माना जाता है। उसे जिले में विकास का प्रतीक माना जाता है । वह जिले में बहुमुखी गतिविधियों का संचालन करता है।

मौर्यकाल में कलेक्टर को राजूका, मुगलकाल में मनसबदार या फौजदार तथा अंग्रेजो ने जिला निरीक्षक कहना प्रारम्भ किया । 1772 में वारेन हेस्टिंग्स ने सर्वप्रथम जिला निरीक्षण के स्थान पर कलेक्टर के पद का प्रारम्भ किया तथा 1781 में फौजदार का पद समाप्त कर उसका कार्यभार कलेक्टर को सौप दिये । 1812 में होल्ड मेकेंजी ने तथा 1833 में विलियम बेटिक ने कलेक्टर को काफी शक्तिशाली बना दिया।

1935 के अधिनियम के द्वारा कलेक्टर को शक्तिशाली बनाये जाने की सिफारिश की गई। 1945 में रोलेट्स कमेटी द्वारा इस पद को और प्रतिष्ठावान बनाने की सिफारिश की गई । सम्पूर्ण अंग्रेजी शासनकाल में जिला स्तर पर कलेक्टर केन्द्रीय शक्ति के रूप में कार्य करता रहा जो कि जिले की समस्त प्रशासनिक क्रियाओं को समन्वित करता था। उसकी महता में लाखो शब्द वायसरायो , गर्वनरों तथा शोधकर्ता द्वरा लिखे गए है। ब्रिटिश शासनकाल में कलेक्टर का पद सत्ता, सम्मान और गौरवमय पद था। जिला स्तर पर यह सरकार की समस्त शक्तियों का प्रयोग करता था।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् कलेक्टर के पद के महत्व तथा स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है । लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था में कलेक्टर जनता का सेवक बन गया है। ऐसी स्थिति में कलेक्टर के कार्यों की प्राथमिकताओं को पूर्णरूपेण बदल गई है। पहले भू – राजस्व प्रबन्धन, कानून और व्यवस्था की स्थापना करना उसका प्रमुख कार्य था किन्तु अब उसके लिए जन कल्याण तथा विकास से सम्बन्धित कार्य महत्वपूर्ण बन गए है।

साधारणत: कलेक्टर भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य होता है। वह या तो भारतीय प्रशासनिक सेवा में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अथवा राज्य प्रशासनिक सेवा से पदोन्नति अधिकारी होता है। इसका चयन एवम् भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है तथा यह राज्य सरकार के लिए कार्य करता है। 6 से 10 वर्ष की सेवा कर चुके अधिकारी को कलेक्टर

बनाया जाता है। उसका वेतन, सेवा शर्ते, आचरण, नियमन आदि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित होते है। भारतीय संविधान के अनुछेद 311 के अनुसार उसके कार्यकाल को सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके अनुसार केंद्र की अनुमति के बिना निलम्बित, हटाया, पदावनत नही किया जा सकता।

राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा में कलेक्टर को जिले का भू-अभिलेख अधिकारी बनाया गया है।

**मुख्य कार्य :**

1. राजस्व एकत्रित करना
2. भूमि सुधार
3. कानून व्यवस्था की स्थापना
4. कल्याणकारी कार्य
5. आपदा राहत
6. निर्वाचन संचालन
7. प्रोटोकॉल कार्य
8. निरीक्षण व निगरानी
9. विकास एवम् पंचायती राज सम्बन्धी कार्य
10. औपचारिक बैठके
11. सामान्य प्रशासन
12. अन्य कार्य

राजस्व प्रशासन के अध्ययन में जिला कलेक्टर के कार्यों को दो भागों में बांटा जा सकता है -

I **प्रशासनिक कार्य (राजस्व)**

(1) भू - अभिलेख सम्बन्धी कार्य
(2) भूमि आरक्षण
(3) भूमि आवंटन
(4) सामान्य निरीक्षण व नियन्त्रण
(5) पटवारियों से सम्बन्धित मामलों
(6) सामयिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना

**I. राजस्व न्यायिक कार्य**

a) नामान्तरण
b) खातेदारी अधिकार
c) भू - आवंटन
d) भूमि स्पांतरण
e) उत्तराधिकारी
f) सीलिंग कानून
g) भूमि अवाप्ति
h) मुआवजा
i) बंटवारा
j) सीमा विवाद

इस प्रकार राजस्व प्रशासन में जिला कलेक्टर के प्रशासनिक व न्यायिक कार्यों की विभिन्नता एवम् विशालता के कारण ही उसे कलेक्टर, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट या जिलाधीश कहा जाता है।

1. जिला कलक्टर के समक्ष चुनौतियाँ :-

(1) अत्यधिक राजनीतिक हस्तक्षेप
(2) कार्यकाल की अनिश्चितता/ निरंतर स्थानांतरण
(3) बढ़ती कानून व्यवस्था संबंधी समस्याएँ
(4) अत्यधिक कार्यभार
(5) बढ़ती VIP संस्कृति
(6) जन जागरूकता का अभाव व सरकारी योजनाओं में जनसहभागिता का अभाव
(7) पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य में कमी
(8) संभागीय आयुक्त से टकराव

- **स्वतंत्रता के पश्चात् कलक्टर की बदलती भूमिका :-**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद - 50 (कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य शक्तियों का पृथक्करण)
2. कलक्टर माई बाप से लोक सेवक के रूप में (सरकार के विभिन्न अभियानों में मुख्य भूमिका) जैसे -
3. प्रशासन गाँवों के संग
   - न्याय आपके द्वारा कार्यक्रम
   - रात्रि चौपाल

(3) पंचायती राज संस्थाओं को दिया गया संवैधानिक आधार प्रदान किया गया है। तथा कलक्टर की विकास प्रशासन में भूमिका बदल रही है।

(4) आयुक्त प्रणाली लागू होने के पश्चात् कलक्टर की कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने की भूमिका बदल गई है।

(5) विभिन्न प्रशासनिक सुधार -

(i) लोक सेवा गारंटी कानून
(ii) सूचना का अधिकार कानून, 2005 (RTI)
(iii) सामाजिक अंकेक्षण

(6) प्रेस की स्वतंत्रता कानून से लोक सेवकों की जवाबदेहिता में वृद्धि हुई है।

(7) बढ़ती कानून व शांति व्यवस्था संबंधी समस्याएँ।

4. राज्य सचिवालय के कोई दो कार्य लिखिये? (RAS Mains 2016 )
5. नव लोक प्रशासन के चार आधारभूत विशेषताओं का निरूपण कीजिए? (RAS Mains 2016 )
6. राज्यपाल की शक्तियों को समझाइये? (RAS Mains 2016 )
7. लोकायुक्त के कोई पांच कार्य लिखिए? (RAS Mains 2016 )
8. विकास प्रशासन एवं प्रशासनिक विकास के मध्य अंतर कीजिये? (RAS Mains 2016 )
9. प्रशासन की नृणमूल इकाई पटवारी है। " टिप्पणी कीजिये (RAS Mains 2016 )
10. जिला प्रशासन में जिला कलक्टर की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। (RAS - Mains 2016)
11. राज्य प्रशासन में मुख्य सचिव की भूमिका का उल्लेख कीजिए? (RAS Mains 2016 )
12. एक स्वतंत्र शैक्षणिक विषय के रूप में लोक प्रशासन के विकास को अनुरेखित कीजिए। (RAS Mains 2016 )
13. सिविल सेवा के मुख्य मूल्य क्या हैं? (RAS Mains 2018 )
14. हेनरी फेयॉल द्वारा दिये गये प्रबंध के पांच कार्य लिखिए (RAS Mains 2018)
15. नियंत्रण के क्षेत्र को प्रभावित करने वाले कोई चार कारक लिखिए। (RAS Mains 2018 )
16. न्यायिक नियंत्रण के संदर्भ में प्रतिषेध एवं परमादेश लेख (रिट ) के मध्य क्या अंतर है? (RAS Mains 2018)
17. लोक प्रशासन के सामाजिक उत्तरदायित्व से आप क्या समझते हैं? (RAS Mains 2018)
18. राजस्थान में लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार से कौन से पदों एवं व्यक्तियों को छूट दी गई है? RAS Mains 2018 )
19. राजस्थान लोक सेवाओं को प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2011 की मुख्य विशेषताओं का विवेचन कीजिये।
20. आपातकाल प्रख्यापित करने के संबंध में राज्यपाल की शक्तियों का वर्णन कीजिये। (RAS Mains 2018)
21. 'आदेश की एकता' को समझाइये। (RAS Mains 2021 )
22. प्रशासन की प्रकृति के संबंध में प्रबंधकीय दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए। (RAS Mains 2021)
23. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को परिभाषित कीजिए। (RAS Mains 2021)
24. औपचारिक प्रत्यायोजन क्या है? (RAS Mains 2021 )
25. प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण के विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए। (RAS Mains 2021 )
26. परंपरागत एवं विकास प्रशासन के मध्य प्रमुख अंतर की परिगणना कीजिए। (RAS Mains 2021 )
27. सचिवालय एवं निदेशालय में भेद कीजिए (RAS Mains 2021 )
28. राजस्थान में लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार की विवेचना कीजिए। (RAS Mains 2021 )
29. राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 का मूल्यांकन कीजिए। (RAS Mains 2021)
30. किसी जिले में कानून एवं व्यवस्था के संधारण हेतु जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की भूमिकाओं का विश्लेषण कीजिए। (RAS Mains 2021 )
31. नवीन लोक प्रशासन के लक्ष्यों पर प्रकाश डालिए।
32. लोक प्रशासन में POSDCORB सिद्धांत क्या है?
33. विकसित एवं विकासशील देशों के लोक प्रशासन में अन्तर लिखिए।
34. वैधता क्या है? इसके विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए।
35. नियंत्रण के क्षेत्र में ग्रेक्युनास का योगदान बताइये।
36. मैक्बेबर के अनुसार सत्ता को समझाइये।
37. प्रशासन पर व्यवस्थापिका के नियंत्रण पर प्रकाश डालिए।

राजस्थान

# खेल एवं योगा

## अध्याय – I

## भारत एवं राजस्थान राज्य की खेल नीति

**राष्ट्रीय खेल नीति 1984**

देश में खेलों के विकास तथा संवर्द्धन के लिए व्यापक नीतिगत रूपरेखा के विकास की ओर पहली शुरुआत थी। यह नीति खेल अवस्थापना के विकास पर जोर देते हुए शारीरिक शिक्षा तथा खेलों को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाती है।

इस नीति में बुनियादी न्यूनतम खेल अवस्थापना के सृजन तथा खेल गतिविधियों के लिए वर्तमान खेल के मैदानों व सुरक्षित खुले स्थानों के संरक्षण के लिए यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त विधान के द्वारा एक समयबद्ध कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल दिया गया।

1. यह 16 सूत्रीय नीति थी जिसमें प्राथमिकता के आधार पर खेलों के विकास की योजना बनाई गई। जिसके प्रमुख बिन्दु निम्नलिखित हैं

(i) ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद का विकास

(2) खिलाड़ियों के लिए पौष्टिक आहार

(3) शारीरिक शिक्षा एवं खेलों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ।

(4) खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाए ।

(5) खेल उद्योग को बढ़ावा दिया जाए।

(6) खेल क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ाना ।

(7) विभिन्न खेल संगठनों के मध्य समन्वय खिलाड़ियों के लिए रोजगार की व्यवस्था ।

खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए देश में 19 अगस्त 1992 को एक राष्ट्रीय खेल नीति की घोषणा की गई, जो की वर्ष 1984 मे घोषित राष्ट्रीय खेल नीति का एक विस्तृत रूप था। इस नीति के अंतर्गत निम्न चार बातों पर बल दिया गया -

- देश में खेलों के लिए माहौल तैयार करना।
- खेलों का विस्तार।
- प्रतियोगिता के स्तर में सुधार तथा
- खेल प्रबंधन आदि

**राष्ट्रीय खेल नीति 2001 –** 11 सितंबर, 2001 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने "राष्ट्रीय खेल नीति-2001" को अपनी स्वीकृति प्रदान की। खेल नीति में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने, खेलों को बढ़ावा देने के लिए निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा महिला आदिवासियों व ग्रामीण युवाओं को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है।

खेल नीति में खेलों के आधार को मजबूत करने, खेलों में उच्चतम प्रदर्शन को प्राप्त करने, संरचनात्मक विकास एवं सुधारीकरण, खेल महासंघों व अन्य सम्बन्धित निकायों को सहायता देने, खेलों में वैज्ञानिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने व आम जनता में जागरूकता पैदा करने पर भी बल दिया गया है। इस नीति के प्रमुख बिंदु निम्न प्रकार हैं –

- खेलकूद के आधार को व्यापक करना तथा और अधिक विशिष्टता हासिल करना।
- बुनियादी ढांचे का उन्नयन तथा विकास।
- राष्ट्रीय खेल परिसंघों तथा अन्य उचित निकायों को समर्थन तथा सहयोग प्रदान करना।
- खेलों में वैज्ञानिक तथा कोचिंग समर्थन को मजबूत करना।
- खेलों को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन प्रदान करना।
- महिलाओ, अनुसूचित जातियों तथा ग्रामीण युवाओं की भागीदारी को बढ़ाना।
- खेलों के प्रचार प्रसार के लिए कॉर्पोरेट जगत की सहायता प्राप्त करना।
- आम जनता में खेल के प्रति रुचि को बढ़ाना।

**व्यापक राष्ट्रीय खेल नीति 2007 - उद्देश्य-** इसका उद्देश्य पहले की खेल नीतियों में छूट गए एजेंडे की ओर तथा 21 वी सदी में भारत के समक्ष उभर रही चुनौतियों, जिसमें न केवल विश्व में शक्ति के रूप में उभरना बल्कि विशेष रूप से निकट भविष्य में आर्थिक शक्ति के रूप में उभरना भी शामिल है। इस नीति में व्यक्तित्व के विकास विशेषकर, युवाओ के विकास, सामुदायिक विकास, स्वास्थ्य एवं अच्छा रहन सहन, आर्थिक

विकास एवं मनोरंजन तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति व भाईचारे की भावना के विकास में खेल तथा शारीरिक शिक्षा के योगदान को पूरी तरह स्वीकार किया गया है। इस नीति का लक्ष्य भारत में खेलों के फ्रेमवर्क को और अधिक प्रभावी बनाना तथा सभी स्वामित्वधारियों के पूर्ण स्वामित्व और सहभागिता को शामिल करना है।

- **Note:** वर्ष 2018 में केन्द्र सरकार ने देश की पहली स्पोर्टस यूनिवर्सिटी मणिपुर में स्थापित की है।

**राजस्थान राज्य खेल नीति, 2013**

**उद्देश्य :**

**इस नीति के उद्देश्य इस प्रकार हैं :-**

- प्रदेश में ऐसा अनुकूल वातावरण तैयार करना, जिससे ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को खेलों के प्रति आकर्षित किया जा सके।
- प्रदेश के सभी नागरिकों को खेलों में भाग लेने की सुविधा उपलब्ध कराना।
- खेलों में जन भागीदारी को प्रोत्साहित करना ।
- खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना।
- उच्च स्तरीय आधारभूत ढांचा तैयार करना, संधारण करना और उसका समुचित उपयोग करना।
- राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना।
- प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करना तथा इन्हें लगातार प्रोत्साहित करते रहना होगा।
- निशक्त खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करते हुए उनकी खेलों में भागीदारी सुनिश्चित करना।
- प्रदेश में साहसिक खेलों को बढ़ावा देना एंव निरन्तर प्रोत्साहन देना ।

**खेल नीति पांच पहलुओं पर आधारित रहेगी :-**

- आधारभूत खेल सुविधाएं
- प्रतिभाओं को चिन्हित करना एवं तराशना
- खिलाड़ियों को प्रोत्साहन
- खेल प्रबंधन
- खेल संघ

**पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार :-** देश व प्रदेश के लिए विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतनें वाले खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए हौंसला बढ़ाते हुए आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। जिससे अन्य खिलाड़ी भी खेलों के प्रति आकर्षित होंगे।

इस दृष्टि से वर्तमान में दी जानें वाली प्रोत्साहन राशि को अपर्याप्त महसूस करते हुए राज्य सरकार ने इसमें पर्याप्त बढ़ोतरी की हैं। प्रतियोगिता एवं पदक के स्तर को देखते हुए राज्य सरकार समय-समय पर इन नकद पुरस्कारों को बढ़ा भी सकती हैं। वर्तमान में राजस्थान क्रीड़ा सहायता अनुदान नियम, 1986 में संशोधन करते हुए, इन नियमों का नाम राजस्थान क्रीड़ा सहायता अनुदान नियम, 2012 रखा गया है।

II. क्रीड़ा निकायों द्वारा आयोजन / प्रतियोगिता / टूर्नामेंट:-

| **अनुदान का विवरण** | **विद्यमान अनुदान** | **संशोधित अनुदान** |
|---|---|---|
| पंचायत स्तर | 1000/-रु तक | 10,000/- रु तक |
| तहसील स्तर/ ब्लॉक स्तर | 1500/-रु तक | 15,000/-रु तक |
| जिला स्तर | 5000/- रु तक | 50,000 /- रु तक |
| राज्य स्तर | 10,000/-रु तक | 1,00,000/- रु तक |
| अन्य क्षेत्रीय / विभागीय स्तर के टूर्नामेन्ट /प्रतियोगिता | 5000/- रु तक | 50,000 /- रु तक |

**2। उपकरणों / किटों का क्रय:-**

| **अनुदान का विवरण** | **विद्यमान अनुदान** | **संशोधित अनुदान** |
|---|---|---|
| व्यक्तिगत | 2,000/- रु तक | 30,000/- रु तक |

**पात्रता →**

- *ऐसे प्रशिक्षक जिन्होंने ऐसे खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया है जिन्होंने ओलंपिक, विश्व चैंम्पियनशिप, विश्व कप में स्वर्ण, रजत अथवा कांस्य पदक जीता है।*
- *ऐसे प्रशिक्षक जिन्होंने ऐसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया है या जिन्होने एशियाई, राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण, रजत अथवा कांस्य पदक जीता है।*
